## ग्राम पंचायत संगडाह, विकास खण्ड संगडाह, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

### अवधि 01-04-2022 से 31-03-2024

### भाग – एक

1 **(क) प्रस्तावना:-**

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या: PCH-HC-(5)C(15)LAD/ 2006 -12669, दिनांक 07-04-2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक हि. प्र. राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत ग्राम पंचायत संगडाह, विकास खण्ड संगडाह, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश के लेखों अवधि 01-04-2022 से 31-03-2024 तक का अंकेक्षण, हि. प्र. राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा निष्पादित किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोज़गार सेवक कार्यरत थे :-**

**प्रधान:-**

| क्रम | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती नीलम | 01/04/2022 से 31/03/2024 |

**सचिव:-**

| क्रम | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री दीप राम | 01/04/2022 से 31/07/2023 |
| 2 | श्री जयप्रकाश | 01/08/2023 से 31/03/2024 |

**तकनीकी सहायक:-**

| क्रम | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री संजीव बंसल | 01/04/2022 से 31/05/2023 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | श्री सुदामा राम | 01/06/2023 से 31/03/2024 |

**ग्राम रोज़गार सेवक:-**

| क्रम | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री सत्यानन्द | 01/04/2022 से 30/06/2022 |
| 2 | श्री सुनील कुमार | 01/07/2022 से 31/03/2024 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार:-**

ग्राम पंचायत के लेखों अवधि 01-04-2022 से 31-03-2024 के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है:-

| क्रम | अनियमितताओं का संक्षिप्त सार | पैरा संख्या | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | रोकड़ बही व बैंक शेषों में भारी अन्तर | 4.2 | 5.1 |
| 2 | अनुदान उपयोग हेतु शेष | 6.1 | 20.26 |
| 3 | पंचायत राजस्व वसूली हेतु शेष | 7.1 | 0.49 |
| 4 | जी०एस०टी० की कटौती न करना | 7.2, 8.5 | 0.42 |
| 5 | क्रय की गई सामग्री की स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्टि न करना | 8.1 | 15.67 |
| 6 | निविदा सम्बन्धित औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना अनियमित व्यय | 8.2 | 6.86 |
| 7 | पारित आदेश (पे आर्डर) के बिना अनियमित भुगतान | 8.3 | 3.39 |
| 8 | भुगतान बिल/वाउचर प्रस्तुत न करना | 8.4 | 0.93 |
| 9 | गणना की त्रुटि के कारण अधिक भुगतान | 8.6 व 9.3 | 0.19 |
| 10 | स्त्रोत पर आयकर की कटौती न करना | 8.7 | 0.06 |
| 11 | फॉर्म 'X' या 'Y' प्रस्तुत किए बिना आपूर्तिकर्ताओं को अनियमित भुगतान | 9.1 | 3.84 |
| 12 | निर्माण सामग्री से वॉइड (Voids) की कटौती न करना | 9.2 | 0.22 |

**(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन :-**

ग्राम पंचायत सचिव द्वारा प्रस्तुत सूचना अनुसार हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा ग्राम पंचायत का यह प्रथम अंकेक्षण था।

**भाग – दो**

2 **वर्तमान अंकेक्षण:-**

ग्राम पंचायत संगडाह, विकास खण्ड संगडाह, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश के अवधि 01-04-2022 से 31-03-2024 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री तरूण सैनी, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 30/10/2024 से 06/11/2024 तथा 11/11/2024 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में निष्पादित किया गया। आय व व्यय की विस्तृत जांच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वतः स्त्रोतों से आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गया:-

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| **2022-23** | 03/23 | 06/22 |
| **2023-24** | 09/23 | 01/24 |

**"इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियंत्रण अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी गलत सूचना / अभिलेख के अपूर्ण / गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हि०प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग उतरदायी नहीं होगा।"**

3 **अंकेक्षण शुल्क :-**

ग्राम पंचायत संगडाह, विकास खण्ड संगडाह,जिला-सिरमौर के अवधि 04/2022 से 03/2024 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹5600 आंका गया। उक्त अंकेक्षण शुल्क की राशि को अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 120 दिनांक 11/11/2024 द्वारा रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग, कसुम्पटी शिमला-171009 को यथाशीघ्र प्रेषित करने हेतु पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया जिसके प्रतिउत्तर में अपेक्षित कार्रवाई उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवाने का आश्वासन दिया।

## 4 वित्तीय स्थितिः-

**4.1** सचिव, ग्राम पंचायत संगडाह द्वारा प्रस्तुत सूचना/अभिलेखों के अनुसार ग्राम पंचायत की अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 तक की समेकित वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से थी जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट-1** पर भी दिया गया हैः-

| वर्ष | प्रारंभिक शेष (₹) | वर्ष के दौरान प्राप्तियां (₹) | वर्ष के दौरान प्राप्त ब्याज (₹) | कुल (₹) | वर्ष के दौरान व्यय (₹) | अंत शेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **2022-23** | 3773087.20 | 10098239 | 100881 | **13972207.20** | 8855886.80 | **5116320.40** |
| **2023-24** | 5116320.40 | 5800321 | 181227 | **11097868.40** | 5019520.20 | **6078348.20** |
| दिनांक 31/03/2024 को बैंक खातों अनुसार अन्तशेष **परिशिष्ट-2** | | | | | | **5568766.82** |
| दिनांक 31.03.2024 को वित्तीय स्थिति/रोकड़ बही व बैंक खातों में अन्तर **(₹6078348.20-₹5568766.82) परिशिष्ट-2** | | | | | | **509581.38** |

**4.2 ₹5.10 लाख की बैंक समाधान विवरणी प्रस्तुत न करनाः-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 7 (3) एंव 10 (1) के अनुसार पंचायतों की रोकड़ बही का बैंक खातों से मिलान करते हुए बैंक समाधान विवरणी को तैयार किया जाना अनिवार्य है। परन्तु पंचायत के लेखों के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि दिनांक 31/03/2024 को ग्राम पंचायत में **परिशिष्ट-2** अनुसार रोकड़ बही व बैंक शेषों में निम्न विवरणानुसार **₹509581.38** के कुल अन्तर की बैंक समाधान विवरणियाँ प्रस्तुत नहीं की गई जोकि अनियमित व आपत्तिजनक है। परिणामस्वरूप किसी भी वित्तीय अनियमितता की सम्भावना से इनकार नहीं किया जा सकताः-

| क्रम संख्या | योजना का नाम | अंतर की राशि (₹) |
|---|---|---|
| 1 | सामान्य निधि/ स्वः स्त्रोत (OWN/ General) | 36965.38 |
| 2 | 14वां वित्त आयोग (14th FC) | 112726 |
| 3 | 15वां वित्त आयोग (15th FC) | 139828 |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | स्वच्छ भारत मिशन (SBM) | 105047 |
| 5 | पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि (BRGF) | 93275 |
| 6 | राजीव आवास योजना/इंदिरा आवास योजना (RAY/AAY) | 21740 |
| | कुल | **509581.38** |

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण ज्ञापन संख्याः 119 दिनांक 11/11/2024 का कोई प्रतिउत्तर अंकेक्षण समाप्ति तक भी प्राप्त नही हुआ। अतः उक्त भारी अन्तर की राशि की बैंक समाधान विवरणियाँ शीघ्र तैयार करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए । इसके अतिरिक्त यह गम्भीर मामला उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ उचित कार्यवाही हेतु भी लाया जाता है।

**4.3 बंद योजनाओं में ₹0.97 लाख की शेष राशि का समाधान न करनाः- .**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि (BRGF) से सम्बन्धित रोकड़ बही अनुसार दिनांक 31/03/2024 को **₹96916 (परिशिष्ट-1)** की शेष राशि दर्शाई गई थी जबकि यह योजना आधिकारिक रूप से बन्द हो चुकी है । इसके अतिरिक्त इस योजना से सम्बन्धित बैंक खाते भी अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं किए गए। परिणामस्वरूप यह सुनिश्चित न हो सका कि पंचायत द्वारा इस योजना की राशि का उचित समाधान किया गया है अथवा नहीं। इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण ज्ञापन संख्याः 119 दिनांक 11/11/2024 द्वारा सचिव को वस्तुस्थिति से अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक भी कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः उक्त योजनाओं में पड़ी शेष राशियों का बैंक खातों से मिलान करते हुए सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त करके उचित समाधान सुनिश्चित किया जाए व अपेक्षित अभिलेख सहित अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**4.4 पंचायत के स्वः-स्त्रोतों की आय-व्यय के लिये अलग बैंक खाते का संचालन न करनाः-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज ( वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 4 में पंचायत द्वारा दो बैंक खाते खोले जाने का प्रावधान है, जिसमें से खाता 'क' में पंचायत के स्वयं संसाधनों से प्राप्त आय तथा खाता 'ख' में प्राप्त समस्त अनुदानों को जमा करवाए जाने का प्रावधान है। परन्तु ग्राम पंचायत के लेखों की जांच में पाया गया कि उपरोक्त नियम की अवहेलना करते हुये बैंक खाते का स्वतन्त्र/पृथक रूप से संचालन नहीं किया गया था। इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण ज्ञापन संख्याः 119 दिनांक 11/11/2024 द्वारा सचिव

को वस्तुस्थिति से अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक भी कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए भविष्य हेतु नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**5 सावधि जमा में निवेश न करनाः-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 11 के अनुसार स्वः स्त्रोत निधि में अतिरिक्त राशि को सावधि जमा में निवेश किया जाना अपेक्षित है। सचिव, ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तुत सूचना/अभिलेखों अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा कोई भी राशि सावधि जमा में निवेश नहीं की गई थी। अतः सुझाव दिया जाता है कि स्वः स्त्रोत में आवश्यकता से अधिक पड़ी राशि को सावधिक जमा में निवेश किया जाए ताकि ब्याज के रूप में अतिरिक्त आय प्राप्त हो सके।

**6 अनुदान**

**6.1 अनुदान राशि ₹20.26 लाख उपयोग हेतु शेषः-**

सचिव, ग्राम पंचायत द्वारा **परिशिष्ट-1** पर प्रस्तुत सूचना के अनुसार ग्राम पंचायत में विभिन्न विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदानों में से दिनांक 31.03.2024 को **₹2026225** की राशि उपयोग हेतु शेष थी जिसका विवरण निम्न तालिका में भी दिया गया है। इस राशि को हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार फडिंग एजेन्सी के दिशा-निर्देशों अनुसार व्यय किया जाना अपेक्षित हैः-

| **क्रम संख्या** | **योजना** | **दिनांक 31/03/2024 को रोकड़ बही अनुसार अंत शेष (₹)** |
|---|---|---|
| 1 | 14वां वित्त आयोग (14th FC) | 117622 |
| 2 | 15वां वित्त आयोग (15th FC) | 1683332 |
| 3 | स्वच्छ भारत मिशन (SBM) | 106497 |
| 4 | पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि (BRGF) | 96916 |
| 5 | राजीव आवास योजना/इंदिरा आवास योजना (RAY/AAY) | 21858 |
| | **कुल** | **2026225** |

इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 119 दिनांक 11/11/2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को वस्तुस्थिति से अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक कोई भी प्रतिउत्तर प्राप्त नहीं हुआ जाकि अनियमित है। अतः जिन अनुदानों की विहित अवधि समाप्त हो चुकी है उनके सन्दर्भ में उचित स्पष्टीकरण दिया जाए तथा अवधि बढ़ौतरी की सक्षम प्राधिकारी से स्वीकृति प्राप्त करके व्यय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**6.2 प्राप्त अनुदान ₹23.77 लाख के स्वीकृति पत्र अंकेक्षण में प्रस्तुत न करना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 79 (2) के अनुसार पंचायत सचिव अंकेक्षण को अपेक्षित अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु जिम्मेवार है। ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 तक निम्न विवरणानुसार **₹2377496** की सहायता अनुदान राशि प्राप्त हुई थी परन्तु इन अनुदानों से सम्बन्धित स्वीकृति पत्रों को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया जोकि अनियमित हैः-

| क्रम संख्या | योजना | वर्ष 2022-23 के दौरान प्राप्त राशि (₹) | वर्ष 2023-24 के दौरान प्राप्त राशि (₹) | कुल राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 15वां वित्त आयोग (15th FC) | 1888116 | 489380 | **2377496** |

इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 119 दिनांक 11/11/2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को यह अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु आग्रह किया गया परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक कोई भी कार्यवाही नहीं की गई जोकि अनुचित है । अतः इस सम्बन्ध में तथ्यों सहित उचित स्पष्टीकरण दिया जाए व अपेक्षित अभिलेख शीघ्र अंकेक्षण में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

**6.3 अनुदान से ₹27.26 लाख के व्यय के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करना**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 79 (2) के अनुसार पंचायत सचिव अंकेक्षण को अपेक्षित अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु जिम्मेवार है। ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई अनुदानों की विवरणी के अवलोकन पर पाया गया कि अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 तक निम्न विवरण अनुसार **₹2725585** की अनुदान राशि का व्यय किया गया था परन्तु इससे सम्बन्धित

आवश्यक उपयोगिता प्रमाण पत्रों को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त उपयोगिता प्रमाण पत्रों को सम्बन्धित संस्थाओं को प्रेषित किये जाने सम्बन्धित भी कोई अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया जोकि उक्त नियम 2002 के नियम 88 की अवहेलना है:-

| क्रम संख्या | योजना | वर्ष 2022-23 के दौरान अनुदान राशि से व्यय (₹) | वर्ष 2023-24 के दौरान अनुदान राशि से व्यय (₹) | कुल राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 15वां वित्त आयोग (15th FC) | 1180433.8 | 1515164.2 | **2695598** |
| 2 | स्वच्छ भारत मिशन (SBM) | 29987 | 0 | **29987** |
| | **कुल** | **1210420.8** | **1515164.2** | **2725585** |

इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 119 दिनांक 11/11/2024 जारी करके आवश्यक उपयोगिता प्रमाण पत्रों को अंकेक्षण में प्रस्तुत करने हेतु आग्रह किया गया परन्तु सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण समाप्ति तक भी प्रस्तुत नहीं किए गए जोकि अनियमित व आपत्तिजनक है। अतः इस सम्बन्ध में उचित स्पष्टीकरण दिया जाए व अपेक्षित अभिलेख शीघ्र अंकेक्षण में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

## 7 पंचायत राजस्व/स्वः स्त्रोत

### 7.1 पंचायत राजस्व ₹0.49 लाख वसूली हेतु शेष:-

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को कोई भी देय राशि पर्याप्त कारणों के बिना बकाया नहीं रखी जा सकती। सचिव, ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों व **परिशिष्ट- 3 व 4** के अवलोकन करने पर पाया गया कि दिनांक 31/03/2024 तक पंचायत में निम्न विवरणानुसार राजस्व राशि **₹48725** वसूली हेतु शेष थी-

| क्रम | विवरण | दिनांक 31/03/2024 को वसूली हेतु शेष राशि (₹) |
|---|---|---|
| 1 | गृहकर **(परिशिष्ट- 3)** | 3725 |
| 2 | दुकान/भवन किराया **(परिशिष्ट- 4)** | 45000 |
| | **कुल** | **48725** |

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण ज्ञापन संख्याः 119 दिनांक 11/11/2024 द्वारा सचिव को वस्तुस्थिति से अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक भी कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ जोकि आपत्तिजनक है । अतः उपरोक्त राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की वसूली शीघ्र सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

### 7.2 दुकान किराये पर ₹0.15 लाख जी०एस०टी० की वसूली न करना

वस्तु एवं सेवाकर (जी०एस०टी०) अधिनियम, 2017 की धारा-9 के अन्तर्गत जी०एस०टी० दरों को जारी सूची अनुसार दुकान किराया प्राप्ति पर नियमानुसार 18% जी०एस०टी० की कटौती उपरान्त सम्बन्धित विभाग में जमा करवाई जानी अपेक्षित है। ग्राम पंचायत द्वारा दुकानों से प्राप्त आय से सम्बन्धित अभिलेख के अंकेक्षण में पाया गया कि अवधि 04/2022 से 03/2024 के दौरान **परिशिष्ट-4** तथा निम्न तालिका अनुसार पर 18% की दर से वस्तु एवं सेवाकर **₹14580** की माँग व वसूली नहीं की गई थी जोकि वित्तीय अनियमितता है। नियमानुसार उक्त राशि की वसूली उपरान्त इसे सम्बन्धित विभाग में जमा किया जाना अपेक्षित था:-

| विवरण | राशि (₹) | 18% की दर से वस्तु एवं सेवाकर राशि (₹) |
|---|---|---|
| वर्ष 2022-23 के दौरान दुकान किराये की प्राप्ति | 47400 | 8532 |
| वर्ष 2023-24 के दौरान दुकान किराये की प्राप्ति | 33600 | 6048 |
| **कुल** | | **14580** |

इस बारे अंकेक्षण ज्ञापन संख्या: 119 दिनांक 11/11/2024 द्वारा सचिव को जी०एस०टी० की मांग व वसूली न करने के कारणों से अंकेक्षण को अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया था परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक कोई भी उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। जोकि आपत्तिजनक है । अतः जी०एस०टी० की वसूली न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा इसकी शीघ्र वसूली सुनिश्चित करते हुए सम्बन्धित विभाग में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए। अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**7.3 दुकानों के किरायेदारों से अनुबन्ध का कार्यान्वयन न करना:-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज विभाग के कार्यालय आदेश सं0 पी०सी०एच-एच०पी०(7)10/60 दिनांक 17/09/2008 में ग्राम पंचायत के व्यवसायिक परिसरों/भवनों को किराए पर देने सम्बन्धी औपचारिकताएं प्रावधित है। ग्राम पंचायत के अभिलेखों के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा **परिशिष्ट-4** अनुसार किराये पर दी गई दुकानों को आबंटित करने से पूर्व कोई अनुबन्ध कार्यान्वित नहीं किया गया था जोकि अनियमित व आपत्तिजनक है। अत इस सम्बन्ध में तथ्यों सहित उचित स्पष्टीकरण दिया जाए व किरायेदारों के साथ अनुबन्ध कार्यान्वित करने के साथ-साथ देय किराये में निर्धारित अवधि उपरान्त बढ़ौतरी का भी प्रावधान सुनिश्चित किया जाए। कृत कार्रवाई से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**7.4 एक ही क्रमांक की 5 रसीद बुकें प्रयोग करना:-**

अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत अभिलेखों की पडताल करने पर पाया गया कि पंचायत में एक ही रसीद क्रमांक (1 से 100) की 5 रसीद बुकें प्रयोग में लाई जा रही थी जिससे प्राप्त राशियों के दुर्विनियोजन की सम्भावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण ज्ञापन संख्याः 119 दिनांक 11/11/2024 द्वारा सचिव को वस्तुस्थिति से अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक भी कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। चूंकि ग्राम पंचायतों को यह रसीद बहियाँ, जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय द्वारा प्रेषित की जाती हैं इसलिए यह अनियमितता जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय सिरमौर के ध्यानार्थ उचित कार्यवाही हेतु लाई जाती है।

**8 व्यय**

**8.1 ₹15.67 लाख की क्रय की गई सामग्री की स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्टि न करना:-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 69 व 72 के अन्तर्गत स्टॉक /स्टोर के क्रय सम्बन्धी औपचारिकताएं प्रावधित है। उक्त नियम के दृष्टिगत ग्राम पंचायत द्वारा क्रय की गई सामग्री की मात्रा, गुणवता की जाँच करने के उपरान्त अनिवार्य रूप से फार्म 25 से 28 के अनुरूप स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्टि की जानी अपेक्षित है तथा यह भी प्रमाणित किया जाना अपेक्षित है कि स्टॉक /सामग्री को सही अवस्था में प्राप्त किया गया है। अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा **परिशिष्ट-5** में दर्ज विवरणानुसार **₹1567191** के स्टॉक/स्टोर की सामग्री को स्टॉक रजिस्टर में दर्ज किए बिना ही

प्रयोग किया गया था। इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण ज्ञापन संख्याः 119 दिनांक 11/11/2024 द्वारा सचिव को वस्तुस्थिति से अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक भी कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः उक्त अनियमितता बारे उचित स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया जाए तथा विवरण में दर्शाई प्रत्येक सामग्री को सम्बन्धित भण्डार रजिस्टर में दर्ज करके प्रधान द्वारा सत्यापित करवाया जाए। इसके अतिरिक्त सामग्री की खपत विवरणी तैयार करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

**8.2 निविदा सम्बन्धित औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ₹6.86 लाख का अनियमित व्यय:-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 67 (3) से (5) में स्टॉक/स्टोर को क्रय करने की औपचारिकताएं प्रावधित हैं जिसमें ₹1000 से अधिक के क्रय हेतु निविदाएं तथा ₹50000 से अधिक के लिए टेंडर आमन्त्रित किये जाने अपेक्षित हैं। परन्तु अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा **परिशिष्ट-6** पर वर्णित विवरण अनुसार **₹685897** के स्टॉक/स्टोर का क्रय निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया, जोकि अनियमित तथा आपत्तिजनक है क्योंकि क्रय में बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ न उठाकर पंचायत निधि का उचित प्रयोग नहीं किया गया। इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण ज्ञापन संख्याः 119 दिनांक 11/11/2024 द्वारा वस्तुस्थिति से अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ जोकि आपत्तिजनक है ।अतः उपरोक्त वर्णित अनियमितता बारे तथ्यों सहित स्थिति स्पष्ट की जाए तथा इसे सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से नियमित करवाया जाए व कृत कार्रवाई से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए। भविष्य में नियमानुसार ही क्रय किया जाना सुनिश्चित करें।

**8.3 पारित आदेश (पे आर्डर) के बिना ₹3.39 लाख का अनियमित भुगतान:-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 49 के अनुसार किसी भी प्रकार का भुगतान पारित आदेश (पे आर्डर) के बिना नहीं किया जाएगा। परन्तु ग्राम पंचायत के व्यय वाउचरों का अंकेक्षण करने पर पाया गया कि पंचायत द्वारा उपरोक्त नियम की अनुपालना नहीं की जा रही थी क्योंकि **परिशिष्ट-7** पर वर्णित विवरण अनुसार **₹338817** के व्यय वाउचर पर प्रधान व सचिव द्वारा पारित आदेश (पे आर्डर) अंकित नही किए गए थे जोकि अनियमित व आपत्तिजनक है। इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण ज्ञापन संख्याः 119 दिनांक 11/11/2024 द्वारा सचिव को वस्तुस्थिति से अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक भी कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ जोकि

आपत्तिजनक है। अतः पंचायत अपने स्तर पर छानबीन उपरान्त उपरोक्त बारे स्थिति स्पष्ट करे तथा उचित कार्यवाही उपरान्त अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित करे।

**8.4 ₹0.93 लाख के भुगतान बिल/वाउचर प्रस्तुत न करना:-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 79 (2) के अनुसार पंचायत सचिव अंकेक्षण को अपेक्षित अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु जिम्मेदार होगा तथा नियम 47 (2) के अनुसार प्रत्येक भुगतान बिल/वाउचर द्वारा समर्थित किया जाएगा। परन्तु अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा नियमों की अवहेलना करके **परिशिष्ट-8** में वर्णित विवरणानुसार **₹92680** के भुगतान वाउचर/बिल अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत नहीं किए गए। इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 119 दिनांक 11/11/2024 जारी करके आवश्यक अभिलेखों को अंकेक्षण में प्रस्तुत करने हेतु आग्रह किया गया परन्तु सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण समाप्ति तक भी प्रस्तुत नहीं किए गए जोकि अनियमित व आपत्तिजनक है। अतः इस सम्बन्ध में उचित स्पष्टीकरण दिया जाए व अपेक्षित अभिलेख शीघ्र अंकेक्षण में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

**8.5 स्त्रोत पर ₹0.27 लाख जी०एस०टी टी०डी०एस की कटौती न करना :-**

जी0एस0टी अधिनियम, 2017 की धारा 51 के अनुसार किसी भी व्यक्ति/ फर्म/ संस्था/ स्थानीय प्राधिकरण अथवा सरकारी विभाग (Person/HUF/Firm/Local Authority/Government deductor) द्वारा संविदाकार व्यक्ति (Contractor) फर्म को सेवाएं एंव वस्तुएं प्रदान करने के बदले एक वितीय वर्ष में ₹250000 से अधिक राशि के भुगतान पर 2% की दर से जी०एस०टी टी०डी०एस की कटौती सम्बन्धित व्यक्ति/फर्म/संविदाकार को नगद अथवा बैक खाते में अदायगी के समय की जानी अपेक्षित है, जोकि नहीं की गई थी। ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न सेवाओं व वस्तु हेतु सम्बन्धित व्यक्ति/फर्म/संविदकार से अपेक्षित जी०एस०टी टी०डी०एस कटौती राशि **₹27182** का विवरण **परिशिष्ट- 9** पर दर्ज है। इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण ज्ञापन संख्याः 119 दिनांक 11/11/2024 द्वारा सचिव को वस्तुस्थिति से अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक भी कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः जी0एस0टी टी0डी0एस कटौती/वसूली न करने का या तो नियमानुसार पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा उक्त राशि की वसूली उचित स्त्रोत से सुनिश्चित करते हुए सम्बन्धित विभाग में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**8.6 बिल में गणना की त्रुटि के कारण ₹0.18 लाख का अधिक भुगतान:-**

हि0 प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 48 के अनुसार पंचायत द्वारा दावों के भुगतान करने से पूर्व इनकी गणित सम्बन्धी शुद्धता सुनिश्चित करना आवश्यक है। परन्तु अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि निम्न तालिका में दिए गए विवरणानुसार बिल में गणना की अंक गणितीय त्रुटि करके **₹18000** का अधिक भुगतान किया गया जोकि अनियमित व आपत्तिजनक है।

| योजना | वाउचर संख्या/ दिनांक | कार्य का नाम | बिल संख्या/ दिनांक | आपूर्तिकर्ता | सामग्री | दर (₹) | भुगतान राशि (₹) | देय भुगतान राशि (₹) | अधिक भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सामान्य निधि/ स्व: स्त्रोत (OWN/ General) | OWN/2023-24/P/53 09-01-24 | नि0 लिंक रोड गर्ल्स हॉस्टल सेवाया से मिनी सचिवालय | 926/ 09-09-23 | श्री विजेंदर ठाकुर | बजरी/ 15 $M^3$ | 3000/ $M^3$ | 63000 | 45000 | 18000 |

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण ज्ञापन संख्याः 119 दिनांक 11/11/2024 द्वारा वस्तुस्थिति से अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक कोई भी प्रतिउत्तर प्राप्त नहीं हुआ जोकि आपत्तिजनक है । अतः उक्त अधिक भुगतान को तथ्यों सहित न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा इसकी वसूली उचित स्त्रोत से सुनिश्चित करते हुए पंचायत निधि में जमा करवाई जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**8.7 स्त्रोत पर ₹0.06 लाख आयकर की कटौती न करना :-**

आयकर अधिनियम की धारा '194 सी' के अनुसार किसी भी व्यक्ति/फर्म/संस्था अथवा सरकारी विभाग (Person/HUF/Firm/Local Authority/Government deductor) द्वारा संविदाकार व्यक्ति (Contractor) फर्म को सेवाएं प्रदान करने के बदले एक बार/एकमुश्त ₹30000 से अधिक व एक वितीय वर्ष में ₹100000 से अधिक राशि के भुगतान पर व्यक्ति व एचयूएफ (Person/HUF) से 1% की दर से तथा अन्य (Other than Person or HUF) से 2% की दर से आयकर की कटौती सम्बन्धित व्यक्ति/फर्म/संविदकार को नगद अथवा बैंक खाते में अदायगी के समय की जानी अपेक्षित है, जोकि नहीं की गई प्रतीत होती है। ग्राम पंचायत द्वारा

विभिन्न सेवाओं हेतु सम्बन्धित व्यक्ति/फर्म/संविदकार से अपेक्षित टी०डी०एस कटौती राशि **₹6289** का विवरण निम्न तालिका में दर्ज है।

| क्रम संख्या | योजना | वाउचर संख्या/ दिनांक | कार्य का नाम | बिल संख्या | दिनांक | आपूर्तिकर्ता | सामग्री | बिल राशि (₹) | टी०डी०एस कटौती दर | अपेक्षित कटौती (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य निधि/ स्व: स्त्रोत (OWN/ General) | OWN/2022-23/P/12 02-06-22 | नि0 लिंक रोड गर्ल्स हॉस्टल सेवाया से मिनी सचिवालय | 77 | 30-03-2021 | श्री विजेंदर ठाकुर | जे०सी०बी कार्य | 500000 | 1% | 5000 |
| 2 | 15 वां वित्त आयोग | XVFC2023-24/P/64 03-01-24 | नि0 लिंक रोड मुर्दाघर हस्पताल | 81 | 24-02-2023 | श्री विजेंदर ठाकुर | जे०सी०बी कार्य | 20000 | 1% | 200 |
| 3 | सामान्य निधि/ स्व: स्त्रोत (OWN/ General) | OWN/2023-24/P/52 09-01-24 | नि0 लिंक रोड टिक्करी मोड शलाह | 83 | 03-01-2024 | श्री विजेंदर ठाकुर | जे०सी०बी कार्य | 43660 | 1% | 437 |
| | | | | 82 | 03-01-2024 | श्री विजेंदर ठाकुर | जे०सी०बी कार्य | 47200 | 1% | 472 |
| 4 | सामान्य निधि/ स्व: स्त्रोत (OWN/ General) | OWN/2023-24/P/53 09-01-24 | नि0 लिंक रोड गर्ल्स हॉस्टल सेवाया से मिनी सचिवालय | 925 | 02-08-2023 | श्री विजेंदर ठाकुर | सीमेंट दुलाई | 18000 | 1% | 180 |
| | | | **कुल** | | | | | | | **6289** |

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण ज्ञापन संख्याः 119 दिनांक 11/11/2024 द्वारा सचिव को वस्तुस्थिति से अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक भी कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ जोकि आपत्तिजनक है । अतः आयकर टी0डी0एस कटौती/वसूली न करने का या तो नियमानुसार पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा उक्त राशि की वसूली उचित स्त्रोत से सुनिश्चित करते हुए सम्बन्धित विभाग में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**9 निर्माण कार्यः-**

**9.1 फॉर्म 'X' या 'Y' प्राप्त किए बिना आपूर्तिकर्ताओं को ₹3.84 लाख का अनियमित भुगतानः-**

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल्स नियम 2015 के नियम 81 व 81-ए के अनुसार ठेकेदार/विक्रेता द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर फार्म 'एक्स' या 'डब्ल्यू प्रस्तुत करना अनिवार्य है अन्यथा उसे रॉयल्टी का भुगतान 25% पेनल्टी के साथ करना होगा। परन्तु निदेशक पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या एक्स.ई.एन.-(आर.डी. एवं पी.आर.)-डी.बी. जनरल/2023-1/204192/2023-34307-30, दिनांक 2.11.2023 के अनुसार माननीय उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश आदेशों की अनुपालना में अब ठेकेदार/विक्रेता से खनन सामग्री की आपूर्ति पर रॉयल्टी की कटौती नहीं की जायेगी तथा आपूर्ति हेतु भुगतान उनके द्वारा फार्म 'एक्स' या 'डब्ल्यू' प्रस्तुत करने पर ही किया जायेगा।अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्तिकर्ता से खनन सामग्री जैसे पत्थर, रेत, बजरी इत्यादि की आपूर्ति पर उक्त ट्रांजिट पास अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किए गए। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को **परिशिष्ट- 10** में विवरण अनुसार **₹383500** का अनियमित भुगतान किया गया। इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 119 दिनांक 11/11/2024 का कोई भीं प्रतिउत्तर प्राप्त नहीं हुआ जोकि अनियमित व आपत्तिजनक है। अतः उक्त भुगतान को पूर्ण अभिलेख सहित न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा इसकी वसूली उचित स्त्रोत से सुनिश्चित करते हुए अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**9.2 निर्माण सामग्री से ₹0.22 लाख के वॉइड (Voids) की कटौती न करनाः-**

हिमाचल प्रदेश पब्लिक वर्क्स स्पेसिफिकेशन 2.1.2.13 के अनुसार बजरी की आपूर्ति पर 6 एम0एम0 से लेकर 20 एम0एम0 तक 5% व 25 एम0एम0 से लेकर 40 एम0एम0 तक 10% तथा पत्थरों की आपूर्ति पर 63 एम0एम0 से लेकर 75 एम0एम0 तक 12.5% की दर से वॉइड (Voids) की कटौती उपरान्त भुगतान किया जाना अपेक्षित है। परन्तु अंकेक्षण के दौरान चयनित मासों में पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा निर्माण कार्यों हेतु क्रय की गई निर्माण सामग्री की मात्रा से निर्धारित दर से वॉइड (Voids) की कटौती नहीं की गई थी जिस कारण आपूर्तिकर्ता को **परिशिष्ट- 11** अनुसार **₹22295** का अधिक भुगतान किया गया जोकि अनियमित है। इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 119 दिनांक 11/11/2024 का कोई भी प्रतिउत्तर

प्राप्त नहीं हुआ जोकि अनियमित व आपत्तिजनक है। अतः वॉइड (Voids) की कटौती न करने को तथ्यों सहित न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा राशि की वसूली उचित स्त्रोत से सुनिश्चित करके पंचायत निधि में जमा करवाई जाये एवं अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**9.3 मस्ट्रोल में गणना की त्रुटि के कारण ₹1440 लाख का अधिक भुगतानः-**

हि0 प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 48 के अनुसार पंचायत द्वारा दावों के भुगतान करने से पूर्व इनकी गणित सम्बन्धी शुद्धता सुनिश्चित करना आवश्यक है। परन्तु अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि निम्न तालिका में दिए गए विवरणानुसार मस्ट्रोल में गणना की अंक गणितीय त्रुटि करके **₹1440** का अधिक भुगतान किया गया जोकि आपत्तिजनक है:-

**कार्य का नाम** – नि० पशुशेड बाबु राम पुत्र श्री हेतराम
**योजना का नाम** - मनरेगा
**माप पुस्तिका संख्या**- 238 (पृ० सं० 11)

| मस्ट्रोल संख्या | दिनांक | मस्ट्रोल अनुसार कुल कार्य दिवस | मजदूरी दर (₹/दिन) | सही गणना | मस्ट्रौल अनुसार गणना | अधिक भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3668 | 10-01-2024 | 90 | 240 | 21600 | 23040 | 1440 |

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण ज्ञापन संख्याः 119 दिनांक 11/11/2024 द्वारा वस्तुस्थिति से अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक कोई भी प्रतिउत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः उक्त अधिक भुगतान को तथ्यों सहित न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा इसकी वसूली उचित स्त्रोत से सुनिश्चित करते हुए पंचायत निधि में जमा करवाई जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**10 अभिलेख का अनुरक्षण न करना**

**10.1 ई-ग्रामस्वराज पोर्टल में चल-अचल सम्पत्तियों का विवरण प्रस्तुत न करनाः-**

ई-ग्रामस्वराज पोर्टल पर पंचायत द्वारा सभी चल-अचल सम्पत्तियों को दर्शाया जाना अनिवार्य है। परन्तु अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ई-ग्रामस्वराज पोर्टल में पंचायत द्वारा अर्जित/निर्मित सम्पत्तियों के ईन्द्राज से सम्बन्धित विवरण अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया। इस बारे अंकेक्षण ज्ञापन संख्याः 119 दिनांक 11/11/2024 जारी करके सचिव को सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत करने हेतु आग्रह किया गया था परन्तु सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण

समाप्ति तक भी प्रस्तुत नहीं किए गए जोकि आपत्तिजनक है । अतः उक्त पोर्टल पर पंचायत की चल-अचल सम्पति का ईन्द्राज किया जाना सुनिश्चित किया जाए व कृत कार्रवाई से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**10.2 विहित रजिस्टर/अभिलेख को प्रस्तुत न करनाः-**

